**Ministry of Home Affairs-Major Achievements, significant Development and important events for the month of November, 2023.**

The Hon'ble President of India interacted with 200 tribal youths at Rashtrapati Bhawan, New Delhi on 05.11.2023, who participated in the 15th Tribal Youth Exchange Programme (TYEP) organized by MHA.

2. On 27th November, 2023 High- Level Committee (HLC) under the chairmanship of Union Home Minister and Minister of Cooperation, has approved the following proposal

(i). Recovery and reconstruction (R&R) plan of Rs. 1658.17 crore for Joshimath, under the Recovery & Reconstruction window of NDRF.

(ii). First urban flood mitigation project of Rs. 561.29 crore for 'Integrated Urban Flood Management activities for Chennai Basin Project' under the National Disaster Mitigation Fund (NDMF).

3. The Government of India and Government of Manipur signed a Peace Agreement with United National Liberation Front (UNLF), a valley-based Manipuri armed group, on 29.11.2023 at New Delhi. As per agreement, UNLF has agreed to return to mainstream by abjuring violence and agreeing to honour the Constitution of India and laws of the land.

4. On 03.11.2023 Union Home Secretary has taken a meeting with Chief Secretary, Govt. of Gujarat and Advisor to Administrator, UT of Dadra Nagar Haveli & Daman and Diu to discuss the transfer of four villages from Gujarat to Dadra Nagar Haveli & Daman and Diu.

5. Under the Chairmanship of Home Secretary meeting of Sub-Committee of National Executive Committee (SC-NEC) was held 09th November, 2023 to consider the report of the Central Teams on damage caused by Flash flood/landslides in Himachal Pradesh and on 15th November, 2023 to consider the proposals of Urban Flood Risk Management Programme (UFRMP) under NDMF in respect of the cities of Bengaluru and Ahmedabad.

6. Meeting held under the Chairmanship of Union Home Secretary on 15.11.2023 to discuss ongoing/ proposed/ feasible projects to be implemented in Assam over next ten years. The Chief Secretary of Assam and Senior Officers of concerned Central Ministries/ Departments have attended the meeting.

7. A meeting under the Chairmanship of Home Secretary was held on 16.11.2023 to consider the proposal for Government of India contribution towards Coalition for Disaster Resilient Infrastructure (CDRI) Multi-Partner Trust Fund (MPTF): Infrastructure Resilient Accelerator Fund (IRAF).

8. A meeting under the chairmanship of Home Secretary was held on 17.11.2023 for funds allocation under National Disaster Mitigation Fund (NDMF) for various mitigation projects.

9. Union Home Secretary taken a meeting on 21.11.2023 with the representative of Government of Andhra Pradesh and the Ministries/Departments of Government of India to review the progress of Educational Institution/Infrastructural Projects in Andhra Pradesh, as enumerated in A.P. Reogranisation Act, 2014.

10. Virtual Call between Home Secretary and Acting Deputy Secretary, Department of Homeland Security, USA was held on 15.11.2023 to discuss various issues of mutual concern.

11. On 09.11.2023 a meeting between Home Secretary and British High Commissioner H.E. Mr. Alex Ellis was held.

12. The Meitei Extremist Organisations, namely, PLA, RPF, UNLF, PREPAK, KCP, KYKL, CorCom and ASUK of Manipur have been declared as 'unlawful associations' for a further period of 5 years w.e.f. 13.11.2023 upto 12.11.2028 under the provisions of Section 3 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 vide MHA's Notification No. SO4899(E) dated 13.11.2023.

13. Advisory was issued on 28.11.2023 to Principal Secretaries/Secretaries to Governors of States, Lt. Governors and Administrations of UTs regarding Yuva Sangam programme of M/o Education under 'Ek Bharat Shreshtha Bharat' Theme.

14. Total value of all sanctions accorded to CAPFs during the month of November, 2023 is Rs.13,58,85,486=00.

15. NOC have been issued for changing the name of following villages "Panjokhara" as "Panjokhara Sahib" in Ambala district, Haryana, "Ketsapo" as "Kutsapo" and "Kotisu" as "Kutisu" in Phek district, Nagaland, "Chuhadpur" as "Chandpur" in Jind district, Haryana.

16. A series of half day workshop were held w.e.f. 23.11.2023 to 01.12.2023 on Cyber Security and Management of Critical Information Infrastructure for senior functionaries of Critical Ministries/Departments of Government of India.

17. During the month, meetings of Joint Monitoring Committee were held under the chairmanship of Additional Secretary (NE), MHA at New Delhi to review the progress of implementation of Peace Agreements/ Accords signed with various groups of Assam (Karbi Accord, 2021, DNLA Accord, 2023, Bodo Accord, 2020, Adivasi Accord, 2022) and Tripura (NLFT (SD) Agreement, 2019, Bru Accord, 2020).

18. A meeting was held on 24.11.2023, under AS(PM&CIS), with MeiTY, BIS, NIA, Delhi Police and domestic manufacturers of CCTV equipment, with a view to address issues being faced by the domestic manufacturers and enhancement of their production capacity.

19. A meeting was taken by Joint Secretary (CS) on 29.11.2023 with the representative of Govt. of Bihar and Jharkhand, Principal AGs of both the States and representative of C&AG to discuss the apportionment of pension liabilities between Bihar and Jharkhand.

20. The first negotiation meeting with Kenya to discuss the Mutual Legal Assistance Treaty in Criminal Matters was held on 10.11.2023. Further, Mr. Mikhail Vinogradov, Head of the General Department of International Legal Cooperation, Prosecutor General's Office of the Russian Federation met Joint Secretary (CIC) and Joint Secretary (IS-II) of MHA on 29.11.2023 to finalize the Memorandum of Cooperation (MoC) between the Prosecutor General's Office of Russia and the Ministry of Home Affairs of India.

******

**गृह मंत्रालय की नवम्बर, 2023 की प्रमुख उपलब्धियां, महत्वपूर्ण घटनाक्रम और कार्यक्रम**

भारत की माननीया राष्ट्रपति ने दिनांक 05.11.2023 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित 15 वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (टीवाईईपी) में भाग लेने वाले 200 आदिवासी युवाओं से बातचीत की।

2. केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 27 नवंबर, 2023 को उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) ने निम्नलिखित प्रस्ताव को मंजूरी दी है

(i) एनडीआरएफ की वसूली और पुनर्निर्माण विंडो के तहत जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपये की वसूली और पुनर्निर्माण योजना।

(ii) राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण निधि (एनडीएमएफ) के तहत 'चेन्नई बेसिन परियोजना के लिए एकीकृत शहरी बाढ़ प्रबंधन गतिविधियों' हेतु 561.29 करोड़ रुपये की पहली शहरी बाढ़ शमन परियोजना।

3. भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने घाटी स्थित मणिपुरी सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ दिनांक 29.11.2023 को नई दिल्ली में एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के अनुसार, यूएनएलएफ हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने और भारत के संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने के लिए सहमत हो गया है।

4. केंद्रीय गृह सचिव ने चार गांवों को गुजरात से दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव में स्थानांतरित करने पर चर्चा करने के लिए गुजरात सरकार के मुख्य सचिव और दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव के प्रशासक के सलाहकार के साथ दिनांक 03.11.2023 को बैठक की है।

5. हिमाचल प्रदेश में अचानक आई बाढ़/भूस्खलन से होने वाली क्षति पर केंद्रीय टीमों की रिपोर्ट पर विचार करने के लिए गृह सचिव की अध्यक्षता में 09 नवंबर, 2023 को राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (एससी-एनईसी) की उप-समिति की बैठक आयोजित की गई और बेंगलुरु और अहमदाबाद के लिए एनडीएमएफ के तहत शहरी बाढ़ जोखिम प्रबंधन कार्यक्रम (यूएफआरएमपी) के प्रस्तावों पर 15 नवंबर, 2023 को विचार किया गया।

6. अगले दस वर्षों में असम में कार्यान्वित की जाने वाली चालू/प्रस्तावित/व्यवहार्य परियोजनाओं पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 15.11.2023 को बैठक हुई। असम के मुख्य सचिव और संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस बैठक में भाग लिया।

7. आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) मल्टी-पार्टनर ट्रस्ट फंड (एमपीटीएफ): इंफ्रास्ट्रक्चर रेजिलिएंट एक्सेलेरेटर फंड (आईआरएएफ) के लिए भारत सरकार के योगदान के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए गृह सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 16.11.2023 को बैठक आयोजित की गई।

8. विभिन्न शमन परियोजनाओं के लिए राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण निधि (एनडीएमएफ) के तहत निधि आबंटन के लिए दिनांक 17.11.2023 को गृह सचिव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

9. केंद्रीय गृह सचिव ने आंध्र प्रदेश में आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 में यथा उल्लिखित शैक्षणिक संस्थानों/इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने के लिए, आंध्र प्रदेश सरकार और भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधियों के साथ दिनांक 21.11.2023 को बैठक की ।

10. गृह सचिव और अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के एक्टिंग डिप्टी सेक्रेटरी के बीच दिनांक 15.11.2023 को वर्चुअल कॉल हुई थी जिसमें आपसी सरोकार के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

11. गृह सचिव और ब्रिटिश उच्चायुक्त महामहिम श्री एलेक्स एलिस के बीच दिनांक 09.11.2023 को बैठक आयोजित की गई थी।

12. गृह मंत्रालय की दिनांक 13.11.2023 की अधिसूचना सं का.आ.4899 (अ) के द्वारा विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3 के प्रावधानों के तहत दिनांक 13.11.2023 से 12.11.2028 तक 5 वर्षों की अवधि के लिए मणिपुर के मेतेई उग्रवादी संगठनों अर्थात पीएलए, आरपीएफ, यूएनएलएफ, पीआरईपीएके, केसीपी, केवाईकेएल, कोरकॉम और एएसयूके को 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित किया गया है।

13. एक भारत श्रेष्ठ भारत' थीम के तहत शिक्षा मंत्रालय के युवा संगम कार्यक्रम के संबंध में राज्यों के राज्यपालों के प्रधान सचिवों/सचिवों, उपराज्यपालों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासक को दिनांक 28.11.2023 को एडवाइजरी जारी की गई।

14. नवंबर, 2023 के दौरान सीएपीएफ को कुल 13,58,85,486/- रुपये की स्वीकृतियां प्रदान की गईं।

15. हरियाणा के अंबाला जिले में पंजोखरा का नाम बदलकर पंजोखरा गांव साहिब, नागालैंड के फेक जिले में केत्सापो गांव का नाम कुतसापो और कोटिसु का नाम बदलकर कुटीसु और हरियाणा के जींद जिले में चूहड़पुर गांव का नाम चांदपुर करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया।

16. भारत सरकार के महत्वपूर्ण मंत्रालयों/विभागों के वरिष्ठ पदाधिकारियों के लिए साइबर सिक्योरिटी एंड मैनेजमेंट ऑफ क्रिटिकल इन्फोर्मेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर पर दिनांक 23.11.2023 से 01.12.2023 तक कई अर्ध-दिवसीय कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

17. इस माह के दौरान, असम के विभिन्न समूहों के साथ हस्ताक्षरित शांति समझौतों/करारों (कार्बी समझौता, 2021, डीएनएलए समझौता, 2023, बोडो समझौता, 2020, आदिवासी समझौता, 2022) और त्रिपुरा (एनएलएफटी (एसडी) समझौता, 2019, ब्रू समझौता, 2020) के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करने के लिए नई दिल्ली में अपर सचिव (पूर्वोत्तर), गृह मंत्रालय की अध्यक्षता में संयुक्त निगरानी समिति की बैठकें आयोजित की गईं।

18. घरेलू निर्माताओं के मुद्दों का समाधान करने और उनकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के लिए अपर सचिव (पीएम एंड सीआईएस) की अध्यक्षता में इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, बीआईएस, एनआईए, दिल्ली पुलिस और सीसीटीवी उपकरणों के घरेलू निर्माताओं के साथ दिनांक 24.11.2023 को बैठक आयोजित की गई।

19. बिहार और झारखंड के बीच पेंशन देनदारियों के बंटवारे पर चर्चा करने के लिए संयुक्त सचिव (सीएस) ने दिनांक 29.11.2023 को बिहार और झारखंड सरकार के प्रतिनिधियों, दोनों राज्यों के प्रधान अटॉर्नी जनरल और भारत के महानियंत्रक एवं लेखापरीक्षक के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

20. आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता संधि पर चर्चा करने के लिए दिनांक 10.11.2023 को केन्या के साथ पहली वार्ता बैठक आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त, श्री मिखाइल विनोग्रादोव, हैड ऑफ द जनरल डिपार्टमेंट ऑफ इंटरनेशनल लीगल कॉपरेशन, प्रोसीक्यूटर जनरल्स ऑफिस ऑफ द रसियन फेडरेशन ने प्रोसीक्यूटर जनरल्स ऑफिस ऑफ द रसियन फेडरेशन और गृह मंत्रालय के बीच हुए सहयोग ज्ञापन (एमओसी) को अंतिम रूप देने के लिए दिनांक 29.11.2023 को गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव (सीआईसी) और संयुक्त सचिव (आईएस-II) से मुलाकात की।

******